प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 55 / 2022)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"एम2एम कम्युनिकेशंस के लिए एम्बेडेड सिम" पर भाद्रविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 18 अगस्त 2022 - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 25 जुलाई 2022 को "एम2एम कम्युनिकेशंस के लिए एम्बेडेड सिम" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से परामर्श पत्र से लिखित टिप्पणी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त 2022 और काउंटर टिप्पणियों के लिए 5 सितम्बर 2022 निर्धारित किया गया था।

2. उद्योग संघों के टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों और प्रति टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 सितम्बर 2022 और 3 अक्टूबर 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। विस्तार के लिए किसी और अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण / सूचना के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से दूरभाष संख्या : +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

18/08/2022

(राजीव सिन्हा)
सचिव (प्रभारी), भादूविप्रा